हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44 .6 डिग्री
न्यूनतम 30 .7 डिग्री

12 बिजली संकट से जूझ रहे किसान उपभोक्ता पहुंचे निगम कार्यालय



12 118 शिकायतें आई, सिर्फ 27 का हुआ समाधान



## खबर संक्षेप

### एक और मौत, 13 हुई मरने वालों की संख्या

**सोनीपत।** एचएसआईआईडीसी, राई स्थित रबड़ बेल्ट फैक्टरी में लगी आग में झुलसे फैक्टरी मालिक के भतीजे ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। हादसे में अबतक तीन फैक्टरी मालिकों समेत 13 लोगों की जान जा चुकी है। राई औद्योगिक क्षेत्र में 28 मई को सांवरिया एक्सपोर्ट कंपनी में आग लग गई थी। इसमें फैन बेल्ट बनाने का काम होता था। अचानक हुए ब्लास्ट में कई लोग झुलस गए थे। जिसमें बचाव कार्य में मदद को पहुंचे राई औद्योगिक क्षेत्र के फैक्टरी संचालक दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी राहुल जैन व राई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (रीमा) के प्रधान राकेश देवगन की मौत हो गई थी। पुलिस ने फैक्टरी मालिक दुलीचंद के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### युवक से नकदी और मोबाइल छीन ले गए

**सोनीपत।** सुदामा नगर निवासी जगदीश वर्मा ने बताया कि वह करीब रात आठ बजे बस स्टैंड के पास पहुंचा। उसी दौरान उसके पीछे से एक लड़का आया। वह उसे झूठ बोलकर गली में ले गया। उसी दौरान युवक ने दो लड़कों को बुला लिया। उन्होंने उसकी जेब से दस हजार रुपये की राशि व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### धोखाधड़ी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### चलती गाड़ी में लगी आग, दो बाल-बाल बचे

**सोनीपत।** द्वारका दिल्ली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका दोस्त बैरक निवासी इंग्लैंड उससे मिलने के लिए आया हुआ था। उसके बाद दोनों घुमने के लिए कार में सवार होकर दिल्ली से निकले थे। शुक्रवार सुबह दिल्ली के द्वारका से जम्मू जाने के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी टैक्सी में ली थी। वह सुबह करीब सात बजे सोनीपत में गांव चौहान जोशी के पास पहुंचे तो अचानक गाड़ी में जलने की दुर्गंध आने लगी। जिस पर चालक ने टैक्सी को रोक लिया। इसी दौरान इंजन में आग लग गई। जिस पर वह तुरंत बाहर आए और अपना सामान भी बाहर निकाला। जिसके बाद आग भडक गई। वह टैक्सी से दूर हो गए। आग की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी।

# मानसून की चिंता : कुल 32 में से 29 ड्रेन को सफाई की जरूरत, 7 में हाथ भी नहीं लगाया

- 98 लाख से ज्यादा का है बजट, अधिकतर ड्रेन के अभी तक टेंडर भी नहीं हुए
- रोजाना चल रहा बैठकों का दौर, फिर भी 100 प्रतिशत लक्ष्य से कोसों दूर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भीषण गर्मी में लोगों का जीना दुभर हो चुका है, जबकि मौसम विभाग की भारी बारिश की भविष्यवाणी से अधिकारियों के माथे का पसीना बढ़ रहा है। क्योंकि चुनावी साल में बरसात का पानी विधानसभा की सीटों को नुकसान ना पहुंचा पाए, इसके लिये सरकार पूरा जोर लगा रही है। रोजाना मीटिंग पर मीटिंग की जा रही है। कई बार यमुना का दौरा किया जा चुका है। उच्चतर अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये लगातार जिले में पानी निकासी की समस्या को लेकर इनपुट ले रहे हैं।

वहीं धरातल की बात करें तो जिले में कुल 32 ड्रेन हैं, जिसमें से इस बार 29 को सफाई की जरूरत बताई गई है। इस 29 ड्रेन में से केवल एक ही ड्रेन ऐसी है, जिसकी सफाई का काम मानूसन सीजन आने से पहले पूरा हो सकता है। क्योंकि मौजूदा समय में इस ड्रेन में सफाई का काम लगभग 90 प्रतिशत हो चुका है। इसके अलावा ज्यादा जोर लगाएं तो एक और ड्रेन है, जिसमें सफाई का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है, वो भी मानसून से पहले साफ हो सकती है। इनके अलावा बची हुई 27 ड्रेन में से अधिकतर में या तो काम शुरू ही नहीं हुआ और अगर शुरू हुआ है तो 2-5 प्रतिशत पर अटका हुआ है। कुछ ड्रेन में तो अभी बोली ही संपन्न हुई है।



सोनीपत। कथूरा गांव के पास छपरा ड्रेन तथा दाएं पश्चिमी जुआं ड्रेन।

### ड्रेनों की सफाई का कार्य तेजी से करवाया जा रहा

जिला में बाढ़ नियंत्रण को लेकर सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पिछले साल जिन क्षेत्रों में बरसाती पानी भराव हुआ था और पानी की निकासी में समस्या उत्पन्न हुई थी वहां पहले ही सभी व्यवस्थाएं कर दी गई है। बरसाती सीजन को देखते हुए जिला की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य तेजी से पूरा करवाया जा रहा है।
डा. मनोज कुमार, उपायुक्त, सोनीपत।

### 3 को जरूरत नहीं, केवल 2 का काम मनरेगा से

कुल 32 ड्रेन में से तीन ड्रेन ऐसी हैं, जिन्हें सफाई की जरूरत ही नहीं है। इसमें भटगांव लिंक, गौरड़ पंप हाउस, डायवर्जन ड्रेन नंबर 8 शामिल हैं। बाकि की बची हुई 29 ड्रेन में से केवल 2 ड्रेन ऐसी हैं, जिनमें मनरेगा के तहत सफाई का कार्य करवाया जाएगा। इसमें बोहला और पूर्वी जुआं ड्रेन शामिल है। बोहला में अभी काम शुरू नहीं है तो पूर्वी जुआं में 12 जून को काम शुरू किया गया है। वहीं भटगांव डोगरान और माच्छरी लिंक ड्रेन ऐसी हैं, जहां सफाई का काम विभागीय मशीनों द्वारा किया जा रहा है। बची हुई 25 ड्रेन में सफाई का कार्य ठेकेदार द्वारा ही होगा।

### जून के अंतिम सप्ताह में मानसून की संभावना

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जून के अंतिम सप्ताह में मानसून का आगमन संभव है। 25 जून के बाद से मानसून की पहली बारिश किसी भी दिन संभव हो सकती है। विशेषतौर पर 27-28 जून को मानसून की पहली बारिश के अधिकतम संभावना जताई गई है। खास बात ये है कि इस बार मानसून की अच्छी बारिश बताई गई है। पूर्वानुमान के अनुसार इस साल पिछले साल के मुकाबले 110 प्रतिशत बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में यमुना भी इस बार परेशानी पैदा कर सकती है।



### हर बार डूब जाता है जिला

कुछ सालों से मानसून में सोनीपत जिला लगभग डूबने की स्थिति में आ जाता है। वहीं यमुना में तो हर साल बाढ़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में हर साल जिले की ड्रेनों की सफाई को लेकर इसी तरह से भागदौड़ होती है, हालांकि काम पहले भी समय से पहले पूरा नहीं हो पाता। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। वैसे भी जिले की अधिकतर ड्रेन में सफाई का काम पूरा होने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है, हालांकि काम की रफ्तार से अंदाजा लगाएं तो जुलाई के मध्य तक भी ड्रेनों की सफाई का काम पूरा होना मुश्किल लगता है।

### ये है जिले की स्थिति

| ड्रेन का नाम | अनुमानित खर्च | काम का तरीका | अंतिम तिथि | मौजूदा स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| पूर्वी जुआं | 11.25 | ठेकेदार | 3 जुलाई 2024 | 5 प्रतिशत |
| थाना कलां<br>थाना कलां एल | 4.96 | ठेकेदार | 27 जून 2024 | 2 प्रतिशत |
| खरखौदा | 4.15 | ठेकेदार | 27 जून 2024 | काम जारी |
| फतेहपुर —-<br>रोहट ———<br>कवाली —<br>गढ़ी बाला — | 2.56 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | बोली संपन्न |
| नरायणा | 3.78 | ठेकेदार | 5 जुलाई 2024 | बोली संपन्न |
| शेखपुरा — -<br>पुरखास ——<br>पांची जाटान —- | 6.76 | ठेकेदार | 5 जुलाई 2024 | 5 प्रतिशत |
| महारा | 9.37 | ठेकेदार | 3 जुलाई 2024, | 10 प्रतिशत |
| ड्रेरन नंबर 6 | 15.34 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | अभी शुरू नहीं हुई |
| पश्चिमी जुआं | 11.29 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 90 प्रतिशत |
| तेवड़ी | 5.55 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 30 प्रतिशत |
| बोहला | 2.89 | मनरेगा | 30 जून 2024 | अभी शुरू नहीं हुई |
| मेहंदीपुर माजरा | 2.37 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 10 जून को काम शुरू हुआ |
| पूर्वी जुआं | 4.47 | मनरेगा | 30 जून 2024 | 12 जून को काम शुरू हुआ |
| सरढ़ाना लिंक | — | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 10 जून को काम शुरू हुआ |
| सिलाना | 1.18 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 14 जून को काम शुरू हुआ |
| खांडा-1 | 5.41 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 30 प्रतिशत |
| खांडा 2 | 2.44 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 70 प्रतिशत |
| भदाना | 4.71 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 25 प्रतिशत |
| भटगांव नकलोई | 0.06 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 12 जून को काम शुरू हुआ |
| नकलोई लिंक | 0.63 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 12 जून को काम शुरू हुआ |
| भटगांव डोगरान | — | विभागीय मशीन द्वारा | 30 जून 2024 | 60 प्रतिशत |
| भटगांव लिंक | — | — | | जरूरत नहीं |
| माच्छरी लिंक | — | विभागीय मशीन द्वारा | 30 जून 2024 | काम जारी |
| सिसाना मटिंडू | 1.62 | ठेकेदार | 30 जून 2024 | 20 प्रतिशत |
| गौरड़ पंप हाउस | — | — | — | जरूरत नहीं |
| डायवर्जन ड्रेन 8 | — | — | — | जरूरत नहीं |

**नोट : यह डाटा 11 जून तक का है।**

# छापेमारी में 437 किलो मक्खन व 260 किलो पनीर जब्त

- टेहा में पनीर व मक्खन बनाने वाली डेयरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

टेहा गांव में क्राइम यूनिट गन्नौर व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पनीर व मक्खन बनाने वाली महागंगा डेयरी पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को मौके से 437 किलोग्राम सफेद मक्खन व 260 किलोग्राम पनीर बरामद हुआ। टीम को मौके से पामोलीन व डालडा के डिब्बे भी मिले हैं। जिससे प्रतीत हुआ की मक्खन व पनीर को बनाने में पामोलीन व डालडा का भी प्रयोग किया जाता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मक्खन व पनीर के अलग-अलग सैंपल लेकर जांच के लिए चंडीगढ़ लैब में भेज दिए। लैब की रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि टेहा गांव में महागंगा डेयरी पर गलत तरीके से मक्खन व पनीर तैयार किया जाता है। इस पर क्राइम यूनिट की टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बिरेंद्र कुमार व उनकी टीम ने क्राइम यूनिट गन्नौर के उप निरीक्षक चांद सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप, होमगार्ड गुलाब के साथ महागंगा डेयरी पर छापा मारा। इस दौरान टीम को 1, 5 व 10 किलोग्राम की पैकिंग में कुल 437 किलोग्राम सफेद मक्खन व 260 किलोग्राम पनीर बरामद हुआ। टीम को मौके से पामोलीन व डालडा के डिब्बे भी मिले। इस बारे में जब टीम ने डेयरी संचालक धर्मदास से पूछा गया तो वह स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। डेयरी संचालक के पास जरूरी कागजात भी नहीं मिले। जिसके बाद टीम ने पनीर व मक्खन के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए चंडीगढ़ लैब में भेज दिया।



गन्नौर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम मक्खन व पनीर के सैंपल लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### क्राइम यूनिट ने गाड़ी व सामान किया बरामद

क्राइम यूनिट की टीम ने डेयर पर मौजूद ईको वैन व बाकी सामान को जब्त कर लिया है। टीम डेयरी संचालक धर्मदास को भी पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। धर्मदास गुड़गांव के विकास की जगह किराये पर लेकर डेयरी चला रहा था। प्राथमिक जांच में सामने आया कि डेयरी संचालक द्वारा पनीर व मक्खन को जीटी रोड पर होटल व ढाबों में सप्लाई किया जाता था। अभी फिलहाल क्राइम यूनिट की टीम डेयरी संचालक से गहनता से पूछताछ कर रही है।

### लैब से जांच रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बिरेंद्र कुमार ने बताया कि डेयरी से लिए गए पनीर व मक्खन के सैंपल को जांच के लिए चंडीगढ़ लैब में भेज दिया गया है। लैब रिपोर्ट में अगर सैंपल फैल हुए तो डेयरी संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# गली निर्माण में ठेकेदार पर भेदभाव का आरोप

- न्यू नंदवानी नगर के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निगम की तरफ से करवाए जा रहे विकास कार्यों पर न्यू नंदवानी नगर में लोगों ने सवाल उठाते हुए भेदभाव का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया है। क्षेत्रवासियों ने निगम अधिकारियों व ठेकेदार के बीच मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यू नंदवानी नगर वासियों का आरोप है कि उनकी गली के निर्माण को लेकर कई दिन पहले संबंधित ठेकेदार ने काम चालू किया था। गली के निर्माण में मकानों के आगे बने रैम्प बाधा बन रहे थे। रैंप तोड़ने के लिए ठेकेदार ने सभी से कहा। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने इस बीच रैम्प न तोड़ने की एवज में पैसे मांगे। जिन्होंने पैसे दिए उनके रैम्प छोड़ दिए और जिन्होंने पैसे नहीं दिए उनके रैम्प तोड़ दिए। ठेकेदार के इस भेदभाव रवैये की शिकायत जब निगम अधिकारियों से की गई तो निगम अधिकारियों ने भी संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उसका बचाव किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इस उदाहरण से समझा जा सकता है कि निगम के अंदर किस तरह भ्रष्टाचार पनप रहा है। ठेकेदार निगम अधिकारियों की सह पर खुलेआम लूट मचाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि निगम कमिश्नर ने जल्द ही ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो वे बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होंगे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय निवासी।

### आंदोलन की दी चेतावनी

आम आदमी पार्टी के नेता विमल किशोर ने निगम अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम में कोई भी काम बिना पैसे से नहीं किया जाता। अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से कोई कार्य नहीं किया जाता। यह बड़ी शर्मनाक बात है कि ठेकेदार विकास कार्य करने की बजाय लोगों से पैसे की मांग कर रहे हैं।

## जिले से 23.855 हजार ने किए आवेदन,4120 पात्रों को कार्ड वितरित

# हैप्पी कार्ड के लिए बस अड्डा परिसर में लाभार्थियों की भीड़

- कार्ड लेने के लिए पहुंच रहे पात्रों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में रोडवेज की लॉरी में मुफ्त सफर का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए हैप्पी कार्ड योजना सरकार की तरफ से शुरू की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए सोनीपत बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ लगने लगी है। जिले में अब तक 23 हजार 855 लोगों ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) कार्ड के लिए आवेदन किए है। जिनमें से 4120 पात्रों को हैप्पी कार्ड वितरित किए गए है। बस अड्डे पर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले और कार्ड लेने के लिए आने वाले पात्रों की संख्या बढ़ने लगी है।

बता दें कि सरकार द्वारा हैप्पी कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए पात्रों को रोडवेज की लॉरी में फ्री में सफर करवाने की योजना है। योजना के तहत पात्र की वार्षिक आय एक लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए। ऐसे पात्र व्यक्ति का हैप्पी कार्ड बनाया जाएगा। जिसके आधार पर उसे रोडवेज बसों में एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसके बाद जब कार्ड बनकर डिपो में पहुंच जाता है तो लाभार्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाता है। इसके बाद पात्र व्यक्ति संबधित बस अड्डे पर पहुंचकर 50 रुपये की फीस का भुगतान कर कार्ड प्राप्त कर सकता है। विशेष बात यह है कि कार्ड केवल पात्र व्यक्ति को ही दिया जाएगा। इसके लिए उनके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है, जिसे बताने के बाद ही लाभार्थी को कार्ड मिलता है।




सोनीपत। बस स्टैंड पर फार्म भरते हुए पात्र व लाइन में लगे पात्र।

### लाभार्थियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं

हैप्पी कार्ड वितरित करने के लिए छह काउंटर बनाए गए है। सोनीपत में अब तक 2270 लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए हैं। बस अड्डे पर आने वाले लाभार्थियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई है।
संजय कुमार, महाप्रबंधक, सोनीपत रोडवेज डिपो।

### बस परिसर में 6 काउंटर

योजना के दूसरे चरण में लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। बस अड्डे पर लाभार्थियों की सुविधा के लिए छह काउंटर बनाए गए हैं, प्रत्येक काउंटर पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। जिन पर कार्ड लेने वालों की लंबी लाइन लगने लगी है। भीषण गर्मी के बीच लाइन में लगे लोग कार्ड के लिए धक्का-मुक्की करते रहते हैं। सोनीपत खंड में अब तक करीब 15 हजार ने हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कियाहै। इनमें से 12 हजार 194 लाभार्थियों के कार्ड बनकर डिपो में पहुंच चुके हैं। इनमें से अब तक 2270 लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए हैं। वहीं गोहाना की बात करें तो यहां 11 हजार 661 लाभार्थियों ने कार्ड बने हैं। इनमें से 1850 लाभार्थियों को वितरित किए हैं। इन काउंटरों पर लोगों की भीड़ लगी रहती है।

### खेलकूद स्कूल के पूर्व निदेशक जांच में शामिल

**सोनीपत।** खेलकूद विद्यालय, राई में तैयार की गई वेब सीरीज में आपत्तिजनक सीन डालने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने मामले में अब स्कूल से हटाए गए प्राचार्य एवं निदेशक व फिल्म निर्माता को जांच में शामिल कर लिया है। स्कूल का लोगो व बच्चों की वर्दी से स्कूल की पहचान हुई थी। वेब सीरीज में स्कूल परिसर में छात्रा का यौन शोषण, हॉस्टल में सिगरेट और शराब पीते दिखाया गया था। यहां तक कि इसमें एक छात्रा से शिक्षक अश्लील बातचीत कर रहा था। मामले में निर्माता निर्देशक ने स्कूल की बगैर एनओसी के इस वेब सीरिज को रिलीज कर दिया था। मामले में कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा।राई के खेलकूद स्कूल में दिसंबर, 2021 में एक वेब सीरीज 'रंग दे मोहे' की शूटिंग हुई थी। वेब सीरीज की शूटिंग क्लिक ऑन आरएम प्राइवेट लिमिटेड ने की थी। इस वेब सीरीज के निर्माता मनीष त्रेहान और निर्देशक राहुल दहिया हैं।

### नकली बोतल बंद पानी बेचने का आरोपी काबू, रिहा

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें फर्जी स्टीकर का प्रयोग कर बोतल बंद पानी बेचने की घटना में संलिप्त आरोपित विष्णु नगर के सतीश को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जमानत पर रिहा कर दिया गया। गुरुवार को एक कंपनी के प्रतिनिधि अंकित ने पुलिस को शिकायत दी थी।




घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को



फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चो और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

### कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

## महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



### फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

### कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



### कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

### कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

### फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स,
- क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

---

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

### देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ्रॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### टोल प्लाजा के पास खड़ी गाड़ी से ईसीएम चोरी

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में केएमपी टोल प्लाजा के पास खड़ी गाड़ी से गाड़ी का पार्ट चोरी होने का मामला सामने आया है। चालक को पार्ट चोरी होने का पता चला तो उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। साहरसा बिहार निवासी गुड्डु ने बातया कि वह दिल्ली संजय गांधी ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक के तौर पर कार्यरत है।

### निर्माणाधीन मकान से उपकरण व तार चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान से एसी व बिजली की अन्य तारों के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### नगर निगम मेयर और निगम आयुक्त ने किया सीएफसी का शुभारंभ

# सेक्टर 14 कम्युनिटी सेंटर में नागरिक सुविधा केंद्र शुरू

कम्युनिटी सेंटर में निगम की सभी ऑन लाइन सुविधाओं एवं सभी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सेक्टर 14 कम्यूनिटी सेंटर में बने सी एफ सी केंद्र का शुभारंभ करते हुए मेयर निखिल मदान एवं निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा। फोटो :हरिभूमि

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 3 के सेक्टर 14 में बने कम्युनिटी सेंटर में नागरिक सुविधा केंद्र की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान, निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित सभी संबंधित निगम अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक के एल राजपाल द्वारा रिब्बन काटकर सी एफ सी केंद्र का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड में एक सी एफ सी केंद्र खोला जायेगा, जहां निगम वासी नगर निगम की सभी ऑन लाइन सुविधाओं एवं सभी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। अभी तक चार वार्डों में सीएफसी केंद्र खोले जा चुके हैं। मेयर ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स भरने के समय और अन्य कार्यों के लिए नगर निगम के मुख्य कार्यालय में बने सी एफ सी काउंटर पर अक्सर काफी भीड़ हो जाती है जिससे बड़े बुजुर्गों और माताओं बहनों को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। निगम वासियों की सुविधा के लिए ही वार्ड स्तर पर सी एफ सी केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि लोगों को निगम से संबंधित कार्यों के लिए परेशान ना होना पड़े।

निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि फिलहाल इस सी एफ सी केंद्र में प्रॉपर्टी टैक्स और प्रॉपर्टी आई डी से संबंधित कार्यों को शुरू किया गया है। लेकिन जल्द ही नगर निगम से जुडी सभी सेवाओं को यहाँ शुरू किया जायेगा। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम चल रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र मदान,राजेंद्र चुघ, रविंद्र कुकरेजा, संदीप, कपिल, संजीव गांधी आदि लोग मौजूद रहे।

# पारुल दहिया को राज्यपाल ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** पारुल दहिया को सम्मानित करते राज्यपाल।

सामाजिक कार्यकर्ता, योग शिक्षिका, रेड क्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्य, आर्यव्रत नारी शक्ति की संस्थापक, आर्यव्रत ट्रस्ट की अध्यक्ष, सोलह बार की रक्तदात्री, बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली सिसाना निवासी पारुल दहिया को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को अम्बाला कैंट में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, हरियाणा रेड क्रॉस के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल, जिला सोनीपत रेड क्रॉस सोसायटी सचिव गौरव रामकरण, डी टी ओ संजय, डॉ जयवीर कौशिक आदि उपस्थित रहे।

**कैंसर पीड़ितों के लिए किए बाल दान**

पारुल दहिया ने कैंसर पीड़ितों के लिए अपने बाल दान किए हैं और बाल दान शिविर आयोजित किए हैं। जिसमें अब तक दस से ज्यादा महिलाएं अपने बाल दान कर चुकी हैं। उनका प्रण है कि वह रक्तदान और अन्य सेवाएं नियमित रूप से करती रहेगी और मृत्यु उपरान्त देहदान। उन्होंने कचरे के डिब्बे में पौधे लगा कर बांटने का काम कर रही हैं, घायल वन्य जीवों और पशु पक्षियों को उपचार व उनके लिए अन्न जल की व्यवस्था करती हैं।

**प्रेरणा स्रोत हैं पति और सास**

पारुल दहिया अपने पति व सास को अपना प्रेरणा स्रोत मानती हैं। उसके पति कमांडो आशीष दहिया कांस्य पदक, शतक वीर रक्तदाता, राज्यपाल अवॉर्डी, कमिश्नर द्वारा सम्मानित, जीवनदायनी से सम्मानित हैं, जो विश्व स्तर पर निःशुल्क और नियमित रूप से रक्तदान जागरूकता अभियान चला रहे हैं। सास सरोज देवी नौ बार रक्तदान कर चुकी हैं और रक्तदान शिविर में भी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं।

# अधिकारी शिकायतों का करें समयबद्ध निपटान : विवेक



**गोहाना।** शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम विवेक आर्य।

- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम विवेक आर्य ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतों को सुना। शिविर में आई 8 शिकायतों में से एसडीएम ने अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया और अन्य का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वे बोले कि अधिकारी समयबद्ध होकर लोगों की शिकायतों का निपटान करें। एसडीएम ने कहा कि अधिकारी गंभीरता के साथ लोगों की शिकायतों पर उचित कार्यवाही करें ताकि समय पर समस्याओं का समाधान किया जा सके। यदि कोई लापरवाही पाई जाएगी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुक्रवार को समाधान शिविर में लोग परिवार पहचान पत्र, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली, प्रोपर्टी आईडी व राशन कार्ड संबंधी समस्याएं लेकर पहुंचे। एसडीएम ने लोगों को बताया कि परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का निवारण करने के लिए 22 जून तक विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गन्नौर जीटी रोड चौक पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताअरं ने भव्य स्वागत किया। देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक समाजसेवी देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के काफिले को जुलूस के स्वरूप में काफी संख्या में कार्यकर्ता जीटी रोड चौक तक लाए। जहां उनका ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पवर्षा व फूलमालाएं पहना कर स्वागत करने के बाद लड्डू बांटे। मनोहर लाल ने स्वागत कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अपने हाथों से लड्डू भी वितरित किए। जीटी रोड चौक पर पहुंचने पर विधायक निर्मल चौधरी, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, विधानसभा संयोजक आजाद नेहरा, जिला महासचिव निशांत छौक्कर, कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक ने भी केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया और उन्हें कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी सांसदों को अपने घर बुलाया और विभागों का आवंटन किया। भले ही हरियाणा में लोकसभा चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में न रहे हों, लेकिन उसके बावजूद भी प्रधानमंत्री ने हरियाणा के तीन सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया। मनोहर लाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिस तरह कार्यकताअरं ने लोकसभा चुनाव में पसीना बहाया है उसे सूखने नहीं देना और 3 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए और अधिक मेहनत करनी है।

आने वाले विधानसभा चुनाव में हम प्रदेश में एक-एक सीट जीतने का लक्ष्य रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारे देश का एक ग्रंथ है, जिसे कभी बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनावों में जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर काफी संख्या में सरपंच के अलावा गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर को विधायक ने बधाई दी**

गन्नौर। केंद्रीय ऊर्जा,आवास एवं शहरी कार्य मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गन्नौर जीटी रोड चौक पर पहुंचने पर विधायक निर्मल चौधरी व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने बधाई दी। इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। कष्ट निवारण समिति सदस्या योगेश कौशिक ने पटका पहनाकर स्वागत किया।



**गन्नौर।** केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल को बधाई देते विधायक निर्मल चौधरी व भाजपा नेता आजाद नेहरा।

## न्यूज डायरी

### नीट परीक्षा में सफल लकी को सम्मानित किया



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर की नीट की परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाली छात्रा लकी पुत्र अंग्रेज सिंह को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। छात्रा लकी को नीट की परीक्षा क्रैक करने के लिए स्कूल प्रबंधन के मैनेजर डॉ. मनोज शर्मा ने सम्मानित किया। प्रिंसिपल अश्विनी कुमार के अनुसार छात्रा लकी ने नीट की परीक्षा में 720 में से 600 अंक प्राप्त किए। छात्रा लकी ने कहा कि तब तक अच्छे अंक प्राप्त नहीं किए जा सकते हैं जब तक कक्षा में पढ़ाई गई विषय वस्तु का स्वाध्याय न किया जाए। स्वाध्याय सबसे महत्वपूर्ण होता है। छात्रा ने अपनी कामयाबी का श्रेय स्वयं की तैयारी के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन, स्कूल द्वारा दिए संस्कारों और नैतिक मूल्यों को दिया।

### कांग्रेस के वोटों में हुआ जबरदस्त इजाफा : इंदुराज



**गोहाना।** बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस के वोट बैंक में जबरदस्त इजाफा हुआ है और बीजेपी के वोटों में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इसलिए जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में हाफ रह गई है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह साफ हो जाएगी। इंदुराज नरवाल ने कहा कि कांग्रेस को इसबार 36 बिरादरी का भरपूर समर्थन हासिल हुआ। प्रदेश की जनता बंटवारे की राजनीति को पसंद नहीं करती।

### कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर किया आह्वान



कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी।

**गन्नौर।** कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी ने मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में 21 जून को होने वाले सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। त्यागी ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। त्यागी ने गन्नौर हलके के कार्यकताअरं से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर कार्यकताअरं में उत्साह है।

# स्टार रक्तदाता सुरेंद्र सम्मानित

- सुरेंद्र विश्वास ऐसे विलक्षण महापुरुष जिन्होंने गोहाना में रक्तदान को जनांदोलन बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास को सम्मानित करते हुए मोर्चा के प्रतिनिधि।

शुक्रवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस पर शहर के 226 बार रक्तदान कर चुके स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास को मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि सुरेंद्र विश्वास देवदूत तुल्य हैं। वह ऐसे विलक्षण महापुरुष हैं जिन्होंने पहले गोहाना में रक्तदान को जनांदोलन बनाया। उसके बाद नेत्रदान को लेकर इतनी व्यापक जागृति का विस्तार किया कि अब कोई मृत्यु होने पर स्वयं मृतक के परिजन नेत्रदान की पहल करते हैं। पिता रामलाल गगनेजा के निधन पर सुरेंद्र विश्वास ने उनका नेत्रदान तो मां भागवंती गंगनेजा के स्वर्गवास पर उनका देहदान कर समाज के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया। आज सुरेंद्र विश्वास द्वारा स्थापित संस्था आहुति और उनके अपने माता-पिता के नाम से प्रारंभ भागराम ट्रस्ट नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगा रहे हैं। आजाद सिंह दांगी ने खुलासा किया कि जब सुरेंद्र विश्वास परिणय सूत्र में बंधे, तब शादी के रिसेप्शन में उन्होंने अपनी पत्नी उषा गंगनेजा के साथ रक्तदान किया था।

# झिंझौली में व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर शुरू



**खरखौदा।** बच्चों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

झिंझौली गांव स्थित सूर्या साधना स्थली में ग्रामीण व्यक्तित्व प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण केंद्र में शारीरिक मानसिक बौद्धिक आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ अनेक स्किल एक्टिविटीज कराई जाएंगी। शिविर का उद्घाटन सूर्या फाउंडेशन वाइस चेयरमैन ब्रिगेडियर डीसी पंत ने किया। इस शिविर के माध्यम से मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश ,दिल्ली के 182 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के माध्यम से बच्चों को हॉर्स राइडिंग, शूटिंग, भारत का इतिहास, प्राकृतिक चिकित्सा, सुलेख पत्र लेखन और महापुरुषों के विषय में जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाएगा।

# रक्तदाता मानवता का सही मायनों में सच्चा सेवक : डिप्टी सीएमओ

- रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया 36 यूनिट रक्तदान
- विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में हैबीटेट क्लब में आयोजित रक्तदान शिविर का डिप्टी सीएमओ ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** रक्तदान करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को हैबीटेट क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने किया। डिप्टी सीएमओ ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए। जिस प्रकार आक्सीजन शरीर के लिए आवश्यक है, इसी रूप में रक्त भी शरीर के लिए आवश्यक है। रक्तदान करने वाला रक्तदाता सही मायनों में मानवता का एक सच्चा सेवक होता है क्योंकि रक्तदान करने से किसी व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। एक रक्तदाता 4 मरीजों की जिन्दगी बचा सकता है। उन्होंने बताया कि आज रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने 36 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें 16 रक्तदाता ऐसे थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया।

### ओएसडी ने बाढ़ संभावित क्षेत्र में कार्यों का किया निरीक्षण

# बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए दिए 80 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** अधिकारियों से बातचीत करते हुए ओएसडी विरेंद्र बढ़खालसा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह के ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को गोहाना पहुंचे। ओएसडी ने सिंचाई विभाग में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोहाना क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण कार्यों को तेजी व गुणवत्ता के साथ पूरा करवाएं ताकि लोगों को बरसात के समय किसी प्रकार की परेशानी न आए। ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गोहाना के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए 80 करोड़ रुपये दिए हैं। इस राशि से क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। ओएसडी ने अधिकारियों से गांव कथूरा में एक करोड़ 30 लाख की लागत से दबने वाली पाइपलाइन के बारे में जानकारी हासिल की। तो अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में इस पाइपलान को दबाने का कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक के बाद उन्होंने बरसात के पानी की निकासी के लिए गांव बनवासा ड्रेन पर लगाए गए पंपों के साथ-साथ गांव धनाना में लगे पंपों का भी निरीक्षण किया। अगर यहां पर और पंपों की जरूरत है तो अभी उसके लिए व्यवस्था पूरी कर लें ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें यहां लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं सहन की जाएगी। इस मौके पर विरेन्द्र आर्य, रविन्द्र जागलान, सिंचाई विभाग के एक्सइएन पुनीत साहनी, एसडीओ अक्षय व रंजीत व एसडीओ सुजीत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विदेशी प्रोफेसर ने मेंटल हेल्थ विषय पर युवाओं के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** विदेशी प्रोफेसर का स्वागत करते हुए फाउंडेशन के सदस्य एवं पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में मेंटल हेल्थ विषय को लेकर सेशन का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉ. सृष्टि सरदाना न्यूयॉर्क से, प्रोफेसर लुईस कार्माइकल ऑस्ट्रेलिया से और सुहास पीला, अमेरिका से शामिल हुए थे। इस मौके गन्नौर के डीएसपी भी शामिल हुए।

इस सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दों पर गहरी चर्चा हुई और युवाओं में मुख्य रूप से मेंटल हेल्थ को लेके अनेकों बातें पर प्रकाश डाला और उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए यह बात स्पष्ट की कि मुश्किल समय में हमें अपनी प्रेरणादायक कहानियों को याद रखना चाहिए और धीरे-धीरे कदम बढ़ाना चाहिए। हम अक्सर अपनी कठिनाइयों को दूसरों के साथ साझा नहीं करते, जबकि सभी के अपने-अपने संघर्ष होते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि हम अकेले नहीं हैं और सभी को जिम्मेदारियों का बोझ उठाना पड़ता है। यदि हम अपने संघर्षों को साझा करें, तो हम एक-दूसरे का समर्थन कर सकते हैं और एक साथ बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि गांव भैराण निवासी अमित ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 12 जून को अमित अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर महम आया हुआ था। अमित अपनी मोटरसाइकिल को आजाद चौक पर खड़ा कर सामान लेने चला गया।

**NOTICE**

I, Meenu W/o Late Sh. Suraj Bhan R/o Shanti Vihar, Sonepat at present R/o Patel Nagar, Sonepat, Delhi declare that my sons Rohit & Mohit and their wives Jyoti & Anjali are out of my control, so I disown all of them from my moveble and immoveble properties. I and my family will not be responsible for their any act and conduct in future.

## खबर संक्षेप



### शरारती तत्वों ने तोड़े गाड़ियों के शीशे

**सोनीपत।** कल्याण नगर में बीती रात को शरारती तत्वों ने गली में खड़ी 4-5 कारों के शीशे तोड़ दिए। कॉलोनीवासियों ने मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर सेवा समिति के प्रधान पवन तनेजा की अगुवाई में घटना को लेकर रोष जताया। प्रदर्शनकारी प्रकाश बत्रा, अशोक अरोड़ा, रौनक, वंश अरोड़ा, संजय डबास, राकेश शर्मा, धर्म सिंह आदि ने बताया कि शरारती तत्व आए दिन गालियों में हुड़दंग करते हैं और रात के समय गली में खड़ी गाडियों को नुकसान पहुंचाते हैं। गुरुवार की रात को भी रात 11-12 बजे के करीब 4-5 गाडियों को ईंट पत्थर मार कर शीशे, छत, बोनट आदि को नुकसान पहुंचाया गया। नई व महंगी गाडियों को ज्यादा क्षतिग्रस्त किया गया है। मंदिर के कैमरों में एक युवक गाडियों पर ईंट मारता हुआ साफ दिखाई दे रहा है जिसकी सूचना पुलिस विभाग को दे दी गई है। पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## समाधान शिविर : 91 शिकायतें रखी गई लंबित, सोनीपत में सबसे अधिक 99 शिकायतें आई सामने

# 118 शिकायतें आई, सिर्फ 27 का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिये समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर उपायुक्त के निर्देशन में तो खंड स्तर पर एसडीएम के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तहत शुक्रवार को जिले में कुल 118 शिकायतें सामने आई थी, जिनमें से 99 शिकायतें सोनीपत लघु सचिवालय स्थित समाधान शिविर में सामने आई। वहीं गोहाना में 8, खरखौदा में 7 और गन्नौर में कुल 4 शिकायतें सामने आई। जिले भर की 118 शिकायतों में से शुक्रवार को केवल 27 शिकायतों का ही समाधान हुआ, बाकि की 91 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है।

शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जिला के नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के समक्ष पहुंचे। उपायुक्त ने समस्याओं के निर्धारित समय में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। मौके पर ही सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में केवल 2008 के प्लाटों की सुनवाई हो रही

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला व उपमण्डल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में वर्ष 2008 में आवांटित किए गए प्लाटों के संदर्भ में शिकायतें सुनी जा रही है। नए प्लाटों को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं सुनी जा रही। इसलिए जिलावासियों से अपील है कि वे वर्ष 2008 में आवांटित किए गए प्लाटों के संदर्भ में ही अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

### शिकायत पर निगरानी रखने के लिए गठित की गई है कमेटी

उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर निगरानी रखने के लिए एक कमेटी भी गठित की गई है ताकि सभी शिकायतों की अपडेट रखी जा सके और संबंधित अधिकारियों को ये शिकायत भेजी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें।
हर रोज पोर्टल पर अपडेट किया जाता है स्टेटस : समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

### शुक्रवार का लेखा-जोखा

| शिकायतें | संख्या | समाधान | लंबित |
|---|---|---|---|
| प्रोपर्टी आईडी | 10 | 0 | 10 |
| पीपीपी/आधार | 30 | 14 | 16 |
| रजिस्ट्री, इंतकाल | 4 | 2 | 2 |
| विकास | 32 | 2 | 30 |
| पेंशन | 10 | 6 | 4 |
| राशन कार्ड | 1 | 0 | 1 |
| अपराध | 11 | 0 | 11 |
| बिजली | 6 | 0 | 6 |
| जनस्वास्थ्य | 1 | 0 | 1 |
| लेबर | 4 | 0 | 4 |
| सिंचाई | 1 | 0 | 1 |
| नगर एवं योजनाकार | 2 | 1 | 1 |
| वेल्फेयर स्कीम | 1 | 0 | 1 |
| व्हीकल रजिस्ट्रेशन | 2 | 0 | 2 |
| जिला परिषद | 1 | 1 | 1 |
| अन्य | 1 | 1 | 0 |
| कुल | 118 | 27 | 91 |

# बड़ी गांव में विकसित हो रही कॉलोनी पर फिर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शुक्रवार को बड़ी गांव में काली माता मंदिर के पास विकसित की जा रही अवैध कालोनी में भरी प्लाटों की नींव व निर्माणधीन सर्विस स्टेशन को जेसीबी की मदद से गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एटीपी मनदीप के नेतृत्व में विभाग के जेई सुमित कुमार, इंफोर्समेंट एएसआई संदीप कुमार व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान 15 डीपीसी, 2 बाउंडरी वाल व निर्माणधिन सर्विस स्टेशन को ध्वस्त किया गया। बड़ी गांव में विकसित हो रही इस कालोनी पर दूसरी बार यह तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई है। इससे पहले भी विभाग द्वारा कालोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था। इसके साथ ही तहसील में इस जमीन पर होने वाली प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगवा रखी है। इसके बावजूद भी कालोनाइजरों द्वारा बार-बार कालोनी को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते विभाग ने फिर से तोड़ फोड़ की कार्रवाई की। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि यदि कालोनी में फिर से निर्माण कार्य किया गया तो उसे विभाग फिर से तुड़वा देगा।



**गन्नौर।** बड़ी गांव में अवैध कालोनी में निमार्णाधीन सर्विस स्टेशन को गिराते हुए जेसीबी।

### सामुदायिक भवन में योग शिविर आयोजित

**सोनीपत।** योग संस्थान और वरिष्ठ नागरिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक भवन सैक्टर 14 सोनीपत में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बताया गया कि योग ही स्वास्थ्यवर्द्धन का सरलतम साधन है। योग के आठ अंगों से मनुष्य का जहां स्वास्थ्यवर्द्धन सहित सर्वांगीण विकास होता है वहीं परमेश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो कर मुक्ति की प्राप्ति भी होती है। केवल आसन और प्राणायाम योग अष्टांग योग के दो अंग हैं। कार्यक्रम में एचबीडी अरोड़ा संरक्षक, बीआर आहूजा प्रधान, ईशवंती, सीमा रानी, रविन्द्र कुकरेजा, राम फल वर्मा, बीबी अरोड़ा, राम पाल गोयल, डॉ. बीबी रावल, ओम प्रकाश झांब, केएल तनेजा, ओम प्रकाश नागपाल सहित अनेक योगाभ्यासी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका ने सीवर से अतिक्रमण हटवाने के लिए 188 को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा के दौरे के बाद नगरपालिका के अधिकारी अब हरकत में आ गए हैं। नगरपालिका ने रेलवे रोड पर नालों पर अतिक्रमण करने वाले 188 लोगों को नोटिस थमा दिए हैं। नोटिस में लोगों को नालों से अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं, यदि अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो नगरपालिका खुद उन्हें तुड़वा देगी। शहर के रेलवे रोड पर कुछ दुकानदारों ने नालों पर पक्के स्लैब डाल कर उन पर अतिक्रमण कर रखा है। जिस कारण स्लैब न हटने से कई वर्षों से अच्छे तरीके से नालों की सफाई नही हो पा रही। बार-बार आ रही इस समस्या के कारण गत बुधवार को निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि नालों के स्लैब तोड़कर ठीक ढंग से उन्हें साफ नही करवाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### कब्जाधारियों को दिया समय

नगर पालिका सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि शहर के देवी लाल चौक से लेकर जीटी रोड तक कई जगह नाले जाम हैं। नालों पर कई जगहों पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिस वजह से नाले जाम हो गए हैं और नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो रहा है। जिन लोगो ने नालों पर अतिक्रमण किया है उन लोगो को नोटिस जारी कर शनिवार तक अतिक्रमण हटाने का समय दिया है। अगर दुकानदार खुद अतिक्रमण नही हटाता तो ऐसे लोगो के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी और नगरपालिका अतिक्रमण हटा कर नालों की सफाई कराएगी।

## न्यूज डायरी

### शिविर में 38 लोगों ने किया रक्तदान



**गोहाना।** शुक्रवार को भागराम ट्रस्ट द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित शिविर में 38 लोगों ने रक्तदान किया। शहर में सोनीपत मोड पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित इस शिविर में रक्त संकलन के लिए रोटरी ब्लड बैंक सोनीपत की टीम पहुंची। रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आर्य थे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान व रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विकास कुमार, जयपाल लाठर, जसबीर सिंह, विनय, अजय, संदीप, बलराज, वीरेंद्र, सोमबीर संजय, सतीश कुमार, प्रदीप, मोहित, कृष्ण, मोहन व अजय ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। गौरतलब है कि भागराम ट्रस्ट द्वारा शहर में भगवान परशुराम चौक में साप्ताहिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाता है।

### सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध : जैन



**सोनीपत।** परिवार पहचान पत्र तथा प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों को दूर करने के लिए शहर में लगाए गए विशेष शिविरों का दौरा करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि सरकार में नई व्यवस्था खड़ी करने में परेशानियां आती हैं परंतु सरकार हर पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजीव जैन ने कालूपुर, सेक्टर 14 कम्युनिटी सेंटर, मशद मोहल्ला में त्रुटियां ठीक करवाने आये नागरिकों से कहा कि सरकार द्वार पर ही समाधान देने का प्रयास कर रही है, इसलिए शहर के हर वार्ड में नागरिक सुविधा केंद्र खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि सुविधा केंद्रों में नगर निगम से सम्बंधित प्रत्येक कार्य हो सकेंगे ताकि नागरिकों को नगर निगम में धक्के ना खाने पड़ें। उन्होंने आगे बताया कि हर वार्ड में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियाँ को ठीक करवाने के लिए शिविर आज से शुरू होकर 25 जून तक चलेंगे।

### जीएनएम की परीक्षा में छाए रूरल के छात्र

**सोनीपत।** पं. बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक ने जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी (जी.एन.एम.) 2022-23 सत्र के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है, जिसमें रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस बड़वासनी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 40 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिनमें सभी ने पास होने की सफलता मिली। रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस की प्राचार्या राजकुमारी रंजीता देवी ने बताया कि गत 11 जून को पं. बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक जीएनएम 2022-23 सत्र के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। परीक्षा में उनके इंस्टीट्यूट से 40 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें सभी अच्छे नम्बर लेकर पास हुए हैं। परीक्षा में सुमित्रा देवी पुत्री जोगिन्दर ने 382 नम्बर लेकर प्रथम स्थान, रितिका पुत्री जगदीश ने 381 नम्बर लेकर द्वितीय जबकि अंशु अजमेर ने 378 नम्बर लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनके साथ ही 27 से ज्यादा छात्रों ने बेहतर नम्बर प्राप्त किए हैं। जीएनएम की परीक्षा पास करने वाले सभी परीक्षार्थियों को रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस बड़वासनी की मैनेजमेंट ने बधाई दी और अगले सेमेस्टर की तैयारियों की कामना की वहीं जिन छात्रों के नम्बर कम आए हैं उनकों मायुस न होकर और मेहनत करके आगे बढ़ने का हौंसला बढाया। राजकुमारी रंजीता देवी ने कहा कि इससे पहले भी रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस बड़वासनी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करके इंस्टीट्यूट का नाम रोशन किया है।



# योजनाओं को लेकर चल रहे विकास कार्यों को तेजी से करवाएं पूरा : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में विभिन्न योजनाओं को सीएम घोषणाओं को लेकर किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाएं ताकि वे कार्य जल्द पूरे हो और लोगों को सुविधाएं हो सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्य को करने में कोई परेशानी आ रही है तो संबंधित अधिकारी उनसे बात करें ताकि उस परेशानी को दूर किया जा सके। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला बोर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों व पशु अस्पतालों पर पीने के पानी व शौलालय की व्यवस्था होनी चाहिए। उपायुक्त ने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत लोगों को जल्द प्रोपर्टी कार्ड जारी करवाएं। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल और जलभराव को लेकर अखबारों में आने वाली खबरों में संज्ञान लेते हुए लोगों को पेयजल और जलभराव को लेकर आने वाली समस्याओं को दूर कर उन्हें राहत देने का कार्य करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद डॉ. सुशील कुमार, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### निखलेश का साउथ एशियन गेम्स के लिए चयन



**खरखौदा।** चेन्नई में आयोजित होने वाले साउथ एशियन गेम्स के लिए बैंगलूरू में शॉटपुट के लिए ट्रायल हुआ। जिसमें प्रताप स्कूल के निखलेश स्वर्ण पदक प्राप्त कर साउथ एशियन गेम्स के लिए चयनित हुए। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि इससे पहले निखलेश ने नेशनल व सीबीएसइ नेशनल में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। निखलेश अब तक 6 बार नेशनल लेवल पर पदक प्राप्त कर प्रदेश व प्रताप स्कूल का नाम रोशन कर चुका है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 24 प्रकार के खेलों का अभ्यास एनआईएस क्वालीफाइड प्रशिक्षकों की देखरेख में करवाया जाता है। निखलेश के पिता देवेन्द्र दहिया ने बताया कि शिक्षा व खेलों की उच्च स्तरीय सुविधाओं को देखते हुए उन्होंने उसका प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

### बांग्लादेश से सद्भावना बाइक रैली पहुंची सोनीपत



सोनीपत। पड़ोसी देश बांग्लादेश से मंगूरा निगम के मेयर खुशीद अहमद के पुत्र शाहियर की बांग्लादेश से स्पीति वैली तक 2458 किमी की बाइक राइडर यात्रा शुक्रवार को सोनीपत स्थित भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास के कार्यालय पहुंची। जहां पर तरुण देवीदास ने यात्रा का तिरंगे झंडे के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। तरुण देवीदास ने यात्रा में पहुंचे बाइकसवारो का अभिनंदन करते हुए कहा हमारा पड़ोसी देश बांग्लादेश कभी भारत का ही हिस्सा हुआ करता था। परंतु कुछ राजनीतिक परिस्थितियों के चलते बांग्लादेश एक अलग मुल्क बन गया।

### विधायक ने सतपाल ब्रह्मचारी की जीत पर लगवाई छबील



**सोनीपत।** सोनीपत लोकसभा से पंडित सतपाल ब्रह्मचारी को सांसद चुने जाने पर सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहर में दर्जनभर से अधिक स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगवाई। इस दौरान विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वयं क्षेत्रवासियों के लिए पानी की सेवा की और सभी का धन्यवाद किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि पंडित सतपाल ब्रह्मचारी भारी बहुमत से विजयी हुए है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हरियाणा में बीजेपी हाफ पर आ गई है। आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी शून्य पर आ जाएगी।

### सीआरपीएफ के 70 जवानों ने किया रक्तदान



**सोनीपत।** सीआपीएफ केम्प खेवड़ा में जवानों ने आज विश्व रक्तदाता दिवस पर 70 जवानों ने रक्तदान कर सपना मानव धर्म निभाया। डीआईजी कोमल सिंह ने बतौर अतिथि कैम्प में पहुच कर रक्तदान कर चुके जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मां भारती रक्तवाहिनी ने हमें खानपुर पीजीआई रक्तकोष के लिए रक्तदान शिविर लगाने का आग्रह किया जिसके बाद यहां हमारे 70 जवानों विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे पवन दहिया व सोमप्रकास ने संस्था की तरह से सभी आर्मी जवानों का आभार किया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**तैयारी** | मंगलवार को खुला दरबार लगाकर अधिकारी करेंगे मौके पर समाधान

# बिजली संकट से जूझ रहे किसान उपभोक्ता पहुंचे निगम कार्यालय, नहीं मिले उपमंडल अभियंता

- पंचायत समिति चेयरमैन सतेन्द्र व पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया ने समाधान का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

विभिन्न गांवों के बिजली उपभोक्ता शुक्रवार को बिजली निगम कार्यालय,खरखौदा पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराया। उपभोक्ताओं ने बताया कि आंधी तूफान के कारण जो खंभे गिरे थे, उनको अभी तक ठीक नहीं किया गया है। जिसके कारण खेतों की लाइनें पिछले महीने से बंद पड़ी हैं। फलस्वरूप धान की पौध व अन्य फसलें भी प्रभावित हो रही है। किसान सुधीर कंवाली का कहना था कि उसने खेत में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। कनेक्शन की स्वीकृति मिलने के बाद खंभे तो लगा दिए गए, लेकिन उन पर न तो बिजली के तार लगाए गए हैं और न ही ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। फतेहपुर के विक्रम कुमार का कहना था कि उसने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए वांछित राशि जमा कर दी थी, लेकिन अब ठेकेदार और राशि की मांग कर रहा है। इस संबंध में कई बार भी उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। चौलका के किसानों ने बताया है कि गांव में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए खंभे तो लगा दिए गए है, लेकिन तार नहीं लगाई गई हैं और जिसके कारण उन्हें कनेक्शन नहीं मिल सका है। जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिसाना गांव प्रधान सुरेश ने कहा कि ड्रेन नंबर 8 पर बिजली का एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। ट्रांसफार्मर के आसपास वृक्षों विशालता के कारण उनकी टहनियां लाइनों को छू रहीं हैं। जिनसे आए दिन ट्रांसफार्मर खराब होता रहता है। इसलिए उक्त ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरण किया जाए। वे इस समस्या से विभाग को तीन बार लिखित में अवगत करा चुके हैं। सिसाना गांव की यसवंती ने भी ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए निर्धारित राशि करीब 2 वर्ष पहले भर दी थी, लेकिन अभी तक उनका ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं हो पाया है। जिसके कारण उसके खेत की फसल खराब हो रही है। बिजली निगम कार्यालय पहुंचे तो उपमंडल अभियंता मौके पर नहीं मिले और उनकी सुनवाई नहीं हो सकी। ऐसे में जिला परिषद चेयरपर्सन के पति राजबीर दहिया व खरखौदा पंचायत समिति के चेयरमैन सतेंद्र ने वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने व उनकी बात सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। राजबीर दहिया ने उच्च अधिकारियों से संपर्क साधा। उनसे हुए संवाद के बाद उन्होंने बताया कि बिजली से जुड़ी हुई समस्याओं के निवारण के लिए मंगलवार को एक खुला दरबार खरखौदा बिजली कार्यालय में लगाया जाएगा। जिसमें उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की बिजली समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। इस मौके पर ओम प्रकाश रोहट, धर्मेंद्र ,आजाद, गोवर्धन, जोगेंद्र, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** विभिन्न गांवों से बिजली कार्यालय पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि